IIMU
भारतीय प्रबंधन संस्थान उदयपुर
Indian Institute of Management Udaipur

# कार्यकारी ERP के भर्ती हेतु ऑनलाइन परीक्षा - 2024

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी।

| भाग | क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | समय | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भाग A | 1 | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | 60 मिनट | द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी) |
| | 2 | तार्किक क्षमता | 30 | 30 | | |
| | 3 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 15 | 15 | | |
| | 4 | सामान्य ज्ञान | 15 | 15 | | |
| भाग B | | व्यावसायिक ज्ञान (कार्य क्षेत्र से अनुरूप) | 60 | 60 | 60 मिनट | |
| | | **कुल** | **150** | **150** | **120 मिनट** | |

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है। अंग्रेजी भाषा प्रश्नावली के अलावा सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी। आप किसी भी प्रश्न का उत्तर उस भाग के लिए आबंटित समय के दौरान ही दे सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जाएंगे।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल वस्तुनिष्ठ अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं।+

# भाग A

## अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें।

**प्र.1.** He quickly glanced .............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

**प्र.2.** The counsel urged the court to ........................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.3.** The local official ........................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी। उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है। यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर (5) है।

**प्र.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

**प्र.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

**प्र.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द के अर्थ के समीप हो।

**प्र.7.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**प्र.8.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man (4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**प्र.9.** TRIUMPH
(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

## तार्किक क्षमता

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं। इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है। ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है। उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में :: चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है। सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य :: खुर : ?
(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

**प्र.5.** दिन : रात :: दयालु : ?
(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल :: खरगोश : ?
(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

**प्र.7.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.8.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं। सत्यप्रिय नेता है।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं

(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.9.** यदि 'A " B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ' B' का अर्थ है 'A में से B घटायें', 'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A ⊗ B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ' $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ " $S_2$) (3) ($S_1$ " $S_2$ # 2)

(4) ($S_1$ ⊗ $S_2$) # ($S_1$ " $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है। बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

## संख्यात्मक अभियोग्यता

इस परीक्षा के माध्यम से संख्या संबंधी गणनाओं आदि में आपकी गति एवम् सटीकता की जाँच की जाएगी।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **30 से कम** | **30-39** | **40-49** | **50-59** | **60-69** | **70 और अधिक** |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** 10 रुपये प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने रुपये होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 61 (5) 610

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सही गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6-7.** निर्देश: निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी। उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिन्ह (?) लगा दिया गया है। आपको यह बताना है कि प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी। यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य'।

**प्र.6.** 42 + 73 + 137 = ?

(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.7.** $20 \times \frac{1}{2} = ?$

(1) 4 (2) 5 (3) 12 (4) 20 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.8.** 0.7 × 0.5 = ?

(1) 35 (2) 0.35 (3) 0.0035 (4) 0.035 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.9.** 15 : 25 : : 6 : ?

(1) 9 (2) 10 (3) 30 (4) 15 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## सामान्य ज्ञान

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है।

**प्र.1.** तारापुर परमाणु बिजली संयंत्र कहाँ है ?

(1) बिहार (2) गुजरात (3) मध्य प्रदेश (4) राजस्थान (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** अब तक कुल कितने बैंक राष्ट्रीयकृत हो चुके हैं ?

(1) 7 (2) 14 (3) 20 (4) 24 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** काले धन को सफेद (वैध) करने (Money Laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने अपने ग्राहक को जानों (Know Your Customer) योजना शुरू की है ?

(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** प्रसिद्ध गोमटेश्वर की मूर्ती निम्न में से किस राज्य में स्थित हैं ?

(1) महाराष्ट्र (2) मध्य प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) उड़ीसा (5) कर्नाटक

**प्र.5.** प्रसिद्ध अयोध्या मंदिर किस नदी के तट पर स्थित है ?

(1) गंगा (2) गोदावरी (3) सरयू (4) बाण गंगा (5) नर्मदा

## भाग B

## व्यावसायिक ज्ञान

**इस प्रश्नावली के प्रश्न संबंधित कार्यक्षेत्र ज्ञान से संबंधित, निम्नलिखित पाठ्यक्रम के आधार पर होंगे। कृपया ध्यान दे की प्रश्नावली के प्रश्न निम्नलिखित पाठ्यक्रम तक ही सिमित नही होंगे ।**

1. Understanding of basic concepts, architecture, and terminologies of ERP systems.
2. Understanding of life-cycle of an ERP selection and implementation project.
3. Understand the process views of organizations and tools and techniques used to model both as-is and to-be models. Business process flows which have to be implemented on an institution-wide ERP platform with building blocks as applicable for a higher education institution
4. Analyze a current architecture and perform an effective gap analysis before an ERP implementation.
5. Comparison of different ERP systems, different deployment architectures – advantages and disadvantages
6. Understanding and documentation of the selection and implementation of an ERP system.
7. Typical issues of ERP implementation projects and ways to overcome those difficulties
8. Preparation of test cases, templates and examples, things to remember and include in the testing phase
9. How to plan and administer ERP system security
10. ERP Change management process with examples relevant for higher education
11. Overall understanding of the higher education domain and requirements of a Student Information System / Student Life cycle in a higher education institution
12. Working knowledge of core financial accounting concepts, Accounts receivable and Accounts payable
13. How to analyse and conclude on the requirements of integration of ERP system with third party products and information flow / sharing amongst various modules of an ERP system
14. Understanding of operational reporting and MIS reporting, analysis of reporting needs, reporting tools

### (अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण:

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी।

(2) अंग्रेजी भाषा प्रश्नावली के अलावा सभी प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध होंगी।

(3) सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली(यॉं) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है। *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है:

(अ) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

(ब) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'>** पर क्लिक कीजिए।

(क) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next>** पर क्लिक करना चाहिए।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next>** पर क्लिक कीजिए। यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे। जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी।

(15) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार IIMU द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

(17) आप किसी भी प्रश्न का उत्तर उस भाग के लिए आबंटित समय के दौरान ही दे सकते हैं।

(18) प्रत्येक प्रश्नावली/प्रश्नावली के समूह के लिए आबंटित समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही उस प्रश्नावली के किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे।

**(19) कृपया नोट करें :**

**(अ) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को फाइनली सबमिट करने नहीं दिया जाएगा।**

**(ब) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

## (ब) सामान्य निर्देश:

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें। देरी से आने वाले उम्मीदवारों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए।

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और IIMU प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(6) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर दो बार लिया जाएगा - परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(7) अपने फोटोग्राफ को प्रवेश-पत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - कृपया अपने फोटोग्राफ को बुलावा-पत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटोयुक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकॉपी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है। **कृपया प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दे।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र। **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें। यदि प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान पत्र में जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। वे उम्मीदवार जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, को राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र की मूल और एक छायाप्रति प्रस्तुत करने पर ही अनुमत किया जाएगा।

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों की नकल की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाए जाने वाले उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ IIMU उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

(9) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए। आप अपना व्यक्तिगत स्याही स्टैम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए

आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को सौंप देना है।

(10) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा। IIMU ऑनलाइन टेस्ट को स्थगित करने या रद्द करने या ऑनलाइन टेस्ट की तारीख/समय/स्थान में परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड़जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे IIMU की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा।

(14) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024". पर ध्यान दें ।

(15) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।

## आपको शुभकामनाएं!